# मुंबई पत्तन प्राधिकरण

# MUMBAI PORT AUTHORITY

(ISO 9001:2015) (QMS)
(ISO 14001:2015) (EMS)
(ISO 27001:2022) (ISMS)

# 146 वां

# प्रशासन रिपोर्ट 2024-2025

# 146 th

# Administration Report 2024-2025

# CONTENTS


| PART -I | GENERAL & DESCRIPTIVE | PAGE NOS. |
|---|---|---|
| 1 | Chairperson's Report | 1-2 |
| 2 | Board of Trustees & Members of the Board 2024-25<br>Members of Traffic Committee 2024-25<br>Members of CSR Committee 2024-25 | 3-4 |
| 3 | Management Team | 5 |
| 4 | Performance Highlights | |
| | A. Port Operations | 6-8 |
| | B. Port Finance | 9-10 |
| 5 | Overview | 11-32 |

| PART -II | STATISTICAL /FINANCIAL TABLES | PAGE NOS. |
|---|---|---|
| 1 | Vital Port Statistics | |
| | A. Topography of Mumbai Port | 33-34 |
| | B. Storage Capacities at Port | 35-36 |
| | C. Berth Particulars | 37-38 |
| | D. Floating Craft | 39-40 |
| | E. Cargo Handling Equipment | 41 |
| 2 | Traffic handled according to Principal Commodities | 42 |
| 3 | Flag-wise distribution of cargo handled | 43-48 |
| 4 | Distribution of export cargo handled according to destination | 49-50 |
| 5 | Distribution of import cargo handled according to origin | 51-54 |
| 6 | Number and type of containers handled during the year | 55 |
| 7 | Number and size of ships called at the Port during the year | 56 |
| 8 | Performance of ships that left the Port after cargo operations during the year | 57 |
| 9 | Distribution of pre-berthing delay according to reasons | 58 |
| 10 | Distribution of non-working time at berth according to reasons | 59 |
| 11 | Berth Occupancy | 60 |
| 12 | Utilization of cargo handling equipment | 61 |
| 13 | Labour productivity | 62 |
| 14 | Output in long tons relating to datum lines of cargo handled by the departmental shore labour during 2024-25 | 63 |
| 15 | Container cargo and tare weight of containers handled | 64 |
| 16 | Commodity-wise export cargo received by different modes of transport | 65 |
| 17 | Commodity-wise import cargo dispatched by different modes of transport from the port | 66-67 |
| 18 | Quantity dredged | 68 |
| 19 | Employment at Port- class-wise | 69 |
| 20 | Particulars of accidents | 70 |
| 21 | Financial Indicators | 71 |
| 22 | Capital expenditure on Major and Minor Schemes | 72-73 |
| 23 | Income and Expenditure Statement | 74 |

| PART -III | STATISTICAL / FINANCIAL STATEMENTS | PAGE NOS. |
|---|---|---|
| 1 | Principal items of Import Traffic (Docks and Bunders including 'overside') handled | 75-77 |
| 2 | Principal items of Export Traffic (Docks and Bunders including 'overside') handled | 78-80 |
| 3 | A- Type-wise number of wagons received/ despatched | 81 |
| | B- Traffic handled during the year and previous year | |
| 4 | Progress of Capital (Plan) works | |
| | A- Civil Works | 82-86 |
| | B- Mechanical Works | 87-91 |
| 5 | Particulars of salaries/ wages and earning per employee | 92-93 |
| 6 | A- Particulars of SC/ ST Reservations | 94 |
| | B- Benefits and Schemes for Persons with Disabilities | 95-97 |
| 7 | Particulars of strikes/ stoppages of work and man-days lost | 98 |
| 8 | Particulars of residential quarters | 99 |
| 9 | Revenue Account - Income under the various heads | 100-101 |
| 10 | Summary of Operating expenditure by Types | 102-104 |
| 11 | Revenue Account - Expenditure under the various Heads | 105-108 |
| 12 | Summarised Revenue Account | 109-110 |
| 13 | Summarised Balance Sheet | 111-112 |
| 14 | Sources and Application of Funds | 113-114 |
| 15 | Approved outlay of Annual plans and the Actual Expenditure incurred | 115 |

| PART -IV | CHARTS | PAGE NOS. |
|---|---|---|
| 1. | Imports (Docks, Bunders & Streams) | 116 |
| | Exports (Docks & Bunders ) | |
| 2. | Total Income | 117 |
| | Total Expenditure | |

# खण्ड I

# PART I

## सामान्य और विवरणात्मक

## GENERAL & DESCRIPTIVE



## अध्यक्ष की डेस्क से

भारत के समुद्री व्यापार और अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में मजबूती से स्थापित ऐतिहासिक मुंबई पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर आसीन होना और उसका नेतृत्व करना वास्तव में एक सम्मान और गर्व की बात है. डेढ़ सदी से भी अधिक समय से, मुंबई पत्तन केवल एक व्यापारिक केंद्र से कहीं अधिक रहा है. यह हमारे राष्ट्र के विकास का एक मूक साक्षी रहा है और भारत के दूसरे सबसे पुराने महापत्तन के रूप में गौरव से खडा है. सामान्य कार्गो का प्रहस्तन करने वाले एक पत्तन से आरम्भ कर सभी प्रकार के कार्गो; ब्रेक बल्क, शुष्क बल्क, तरल बल्क और कंटेनरों का प्रहस्तन करने वाले एक बहुउद्देशीय पत्तन में सफलतापूर्वक परिवर्तित होना यह दर्शाता है कि हमारी अनुकूलनशीलता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है.

2. मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मुंबई पत्तन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 68.63 मिलियन टन का सर्वकालिक उच्चतम कार्गो थ्रूपुट सफलतापूर्वक प्रहस्तित किया है, जो मुंबई पत्तन के पिछले रिकॉर्ड से 2.03% अधिक है. यह उपलब्धि पत्तन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है.

3. इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण सफलता अत्याधुनिक मुंबई अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल (एमआईसीटी) का विकास और उद्घाटन रही. इस टर्मिनल पर 17 अंतरराष्ट्रीय और 82 घरेलू यात्राओं सहित 99 क्रूज जहाजों का संचालन करके कुल 2,64,643 यात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की गई जिससे मुंबई की समुद्री पर्यटन के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में स्थिति और मजबूत हुई.

4. मुंबई पोर्ट के रूप में, हम, माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को कायम रखते हुए एक परिवर्तनकारी यात्रा की ओर अग्रसर हैं और अपने प्रचालनों को आधुनिक बनाने, हरित पत्तन पहलों और टिकाऊ प्रथाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ अपने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

5. मुंबई पत्तन प्राधिकरण की प्रशासनिक रिपोर्ट, 2024-25 प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है. मैं माननीय मंत्री जी, मंत्रालय के अधिकारियों, बोर्ड के सदस्यों और सभी हितधारकों के प्रति उनके निरंतर विश्वास के लिए आभार व्यक्त करता हूँ. मैं मुंबई पत्तन की पूरी प्रबंधन टीम और सभी कर्मचारियों के प्रति उनकी कड़ी मेहनत, अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए भी आभार व्यक्त करता हूँ. आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अनेक अवसरों से भी भरा हुआ है. अपनी क्षमता का विस्तार करके और चुनौतियों का सामना करके हम भारत की समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में मुंबई पत्तन की स्थिति को और मज़बूत बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे.

(डॉ. एम. अंगमुथु)
अध्यक्ष



## From the Chairperson's Desk

It is indeed an honor and privilege to step into the role of Chairperson and lead the Mumbai Port Authority, a truly historic institution that stands as a key pillar of India's Maritime trade and economy. For over a century and a half, Mumbai Port has been more than just a commercial hub. It has been a silent witness to the very evolution of our nation and stands proudly as the second oldest Major Port in India. Having successfully transformed from a general cargo Port into a multipurpose Port handling all types of cargo; break bulk, dry bulk, liquid bulk and containers, our adaptability remains our greatest strength.

2. I am delighted to share that Mumbai Port successfully handled an all-time high cargo throughput of 68.63 million tonnes during the financial year 2024-25 surpassing Mumbai Port's previous record by 2.03%. This achievement is a testament to the hard work and dedication of every person connected to the Port.

3. A pivotal success this year was the development and inauguration of the state-of-the art Mumbai International Cruise Terminal (MICT). This terminal handled 99 cruise vessels, including 17 international and 82 domestic voyages, facilitating travel for a total of 2,64,643 passengers cementing Mumbai's position as a premier gateway for maritime tourism.

4. We, as Mumbai Port look forward and embark on the transformative journey upholding Hon'ble Prime Minister's vision for a Viksit Bharat, we are committed to modernizing our operations, prioritizing our Green Port initiatives and sustainable practices, enhance our critical infrastructure and embrace cutting-edge technology.

5. It gives me immense pleasure to present the Mumbai Port Authority's Administrative Report, 2024-25. I express my gratitude to the Hon'ble Minister, Ministry Officials, Members of the Board, as well as to all our Stake holders for their continued trust. I also extend my gratitude to the entire management team and all employees of Mumbai Port for their hard work, unwavering commitment and dedication. The path ahead is challenging, but it is also filled with tremendous opportunities. By building on our strength and addressing challenges head-on, we will work together to strengthen Mumbai Port's position as a gateway to India's prosperity.

**(Dr. M. Angamuthu)**
**CHAIRPERSON**

# मुंबई पत्तन प्राधिकरण
## MUMBAI PORT AUTHORITY
## बोर्ड के सदस्य/MEMBERS OF THE BOARD, 2024-2025

| अ.क्र. | सदस्य का नाम / Name of the Member | प्रातिनिधित्व/ Representation |
|---|---|---|
| 1. | श्री. सुशील कुमार सिंह<br>Shri Sushil Kumar Singh | अध्यक्ष<br>Chairperson |
| 2. | श्री. आदेश तितरमारे<br>Shri Adesh Titarmare | उपाध्यक्ष<br>Dy. Chairperson |
| 3. | श्री राजेश कुमार सिन्हा, विशेष सचिव, भारत सरकार, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय<br>Shri Rajesh Kumar Sinha, Special Secretary,<br>Government of India, Ministry of Ports, Shipping & Waterways | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय<br>Ministry of Ports, Shipping & Waterways |
| 4. | श्री. संजय सेथी, अपर मुख्य सचिव (परिवहन और पत्तन), गृह विभाग<br>Shri Sanjay Sethi, Additional Chief Secretary (Transport & Ports),<br>Home Department | महाराष्ट्र सरकार<br>Government of Maharashtra |
| 5. | श्री नीतीश कुमार सिन्हा, प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त, मुंबई क्षेत्र I<br>Shri Nitish Kumar Sinha,<br>Chief Commissioner of Customs, Mumbai Zone I | सीमाशुल्क विभाग, मुंबई<br>Department of Customs, Mumbai |
| 6. | श्री. श्याम सुंदर गुप्ता, प्रधान मुख्य प्रचालन प्रबंधक, मध्य रेल<br>Shri Shyam Sunder Gupta,<br>Principal Chief Operations Manager, Central Railway | भारतीय रेल<br>Indian Railways |
| 7. | कमोडोर नितेश गर्ग, नौसेन अधिकारी प्रभारी (एनओआईसी)<br>Cmde. Nitesh Garg, Naval Officer-in-Charge (NOIC) | रक्षा संवाएँ (नौसेना)<br>Defence Services (Navy) |
| 8. | श्री ज्ञानेश्वर हरिश्चंद्र वाडेकर,<br>सदस्य, ट्रान्सपोर्ट अँन्ड डॉक वर्कर्स युनियन, मुंबई<br>Shri Dnyaneshwar Harishchandra Wadekar,<br>Member, Transport & Dock Workers' Union, Mumbai | पत्तन श्रमिक<br>Port Labour |
| 9. | श्री प्रदीप भगवंतराव नलावडे,<br>उपाध्यक्ष, मुंबई पोर्ट डॉक अँन्ड जनरल एम्प्लॉइज युनियन, मुंबई<br>Shri Pradeep Bhagwantrao Nalavde,<br>Vice President, Mumbai Port Dock & General Employees' Union, Mumbai | पत्तन श्रमिक<br>Port Labour |

रिपोर्टिंग वर्ष में 01.04.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए मुंबई पत्तन प्राधिकरण के बोर्ड के 9 सदस्य थे.

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान बोर्ड के सदस्यों की 8 बार बैठकें हुई.

There were 9 Members of the Board of Mumbai Port Authority for the period from 01.04.2024 to 31.03.2025 in the reporting year.

The Members of the Board met 8 times during the reporting year.

## 2024-25 के दौरान यातायात समिति के सदस्य
## Members of Traffic Committee during 2024-2025

| अ.क्र. | सदस्य का नाम / Name of the Member |
|---|---|
| 1. | श्री. आदेश तितरमारे, उपाध्यक्ष, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Shri Adesh Titarmare, Dy. Chairperson, Mumbai Port Authority |
| 2. | सीमा-शुल्क उप आयुक्त (निपटान)<br>Deputy Commissioner of Customs (Disposal) |
| 3. | श्री प्रदीप भगवंतराव नलावडे, उपाध्यक्ष, मुंबई पोर्ट डॉक अँन्ड जनरल एम्प्लॉइज युनियन, मुंबई<br>Shri Pradeep Bhagwantrao Nalavde, Vice President, Mumbai Port Dock & General Employees' Union, Mumbai |
| 4. | श्री ज्ञानेश्वर हरिश्चंद्र वाडेकर, सदस्य, ट्रान्सपोर्ट अँन्ड डॉक वर्कर्स युनियन, मुंबई<br>Shri Dnyaneshwar Harishchandra Wadekar, Member, Transport & Dock Workers' Union, Mumbai |
| 5. | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Financial Adviser & Chief Accounts Officer, Mumbai Port Authority |
| 6. | यातायात प्रबंधक, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Traffic Manager, Mumbai Port Authority |

## 2024-25 के दौरान कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के सदस्य
## Members of Corporate Social Responsibility Committee during 2024-25

| अ.क्र. | सदस्य का नाम / Name of the Member |
|---|---|
| 1. | श्री सुशील कुमार सिंह, अध्यक्ष, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Shri Sushil Kumar Singh, Chairperson, Mumbai Port Authority |
| 2. | श्री. आदेश तितरमारे, उपाध्यक्ष, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Shri Adesh Titarmare, Dy. Chairperson, Mumbai Port Authority |
| 3. | श्री ज्ञानेश्वर हरिश्चंद्र वाडेकर, सदस्य, ट्रान्सपोर्ट अँन्ड डॉक वर्कर्स युनियन, मुंबई<br>Shri Dnyaneshwar Harishchandra Wadekar, Member, Transport & Dock Workers' Union, Mumbai |
| 4. | श्री प्रदीप भगवंतराव नलावडे, उपाध्यक्ष, मुंबई पोर्ट डॉक अँन्ड जनरल एम्प्लॉइज युनियन, मुंबई<br>Shri Pradeep Bhagwantrao Nalavde, Vice President, Mumbai Port Dock & General Employees' Union, Mumbai |
| 5. | सचिव , मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Secretary, Mumbai Port Authority |
| 6. | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, मुंबई पत्तन प्राधिकरण<br>Financial Adviser & Chief Accounts Officer, Mumbai Port Authority |

# प्रबंधन समिति 2024-2025
# MANAGEMENT TEAM 2024-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष<br>Chairperson | श्री राजीव जलोटा 30.09.2024 तक<br>Shri Rajiv Jalota till 30.09.2024<br><br>श्री सुशील कुमार सिंह 01.10.2024 से (अतिरिक्त प्रभार)<br>Shri Sushil Kumar Singh from 01.10.2024 (additional charge) |
| 2 | उपाध्यक्ष<br>Dy. Chairperson | श्री. आदेश तितरमारे<br>Shri Adesh Titarmare |
| 3 | मुख्य सतर्कता अधिकारी<br>Chief Vigilance Officer | श्री. राकेश श्रीवास्तव<br>Shri Rakesh Srivastava |
| 4 | प्रबंधक (मानव संसाधन)<br>Manager (Human Resources) | श्री. गिरीराज सिंग राठोड 31.12.2024 तक<br>Shri Giriraj Singh Rathod till 31.12.2024 |
| 5 | सचिव<br>Secretary | श्री.पी.एन.बाहेकर<br>Shri P.N.Bahekar |
| 6 | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी<br>Financial Adviser & Chief Accounts Officer | श्रीमती माधुरी वराडे<br>Smt. Madhuri Varade |
| 7 | उप संरक्षक<br>Deputy Conservator | कॅप्टन भबतोष चंद 11.12.2024 तक<br>Capt. Bhabatosh Chand till 11.12.2024<br><br>कॅप्टन प्रवीण कुमार सिंह 11.12.2024 से<br>Capt. Pravin Kumar Singh from 11.12.2024 |
| 8 | यातायात प्रबंधक<br>Traffic Manager | श्री.बी.एस. शिंदे<br>Shri B.S. Shinde |
| 9 | मुख्य अभियंता<br>Chief Engineer | श्री.ए.पी.बी. मट्टू 03.01.2025 तक<br>Shri A.P.B. Matoo till 03.01.2025<br>श्री वी.आर. रेड्डी 04.01.2025 से (अतिरिक्त प्रभार)<br>Shri V.R. Reddy from 04.01.2025 (additional charge) |
| 10 | मुख्य यांत्रिकी अभियंता<br>Chief Mechanical Engineer | श्री ए. गणेशन 08.10.2024 तक<br>Shri A. Ganesan till 08.10.2024<br><br>श्री एन.एम. बोरवणकर 23.10.2024 से<br>Shri N.M. Borwankar from 23.10.2024 |
| 11 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी)<br>Chief Medical Officer (I/c) | डॉ. (श्री) विराज वी.जी. पुरोहित दिनांक 19.03.2025 तक (प्रभारी)<br>Dr.(Shri.) Viraj V.G. Purohit till 19.03.2025 (I/c)<br>डॉ. आर.एच. अग्रवाल 20.03.2025 से<br>Dr. R.H. Agrawal from 20.03.2025 |

# विशिष्ट निष्पादन
# Performance Highlights

## ए- पोर्ट प्रचालन
## A - PORT OPERATIONS

| सारांश<br>SUMMARY | | 2023-2024 | 2024-2025 |
|---|---|---|---|
| **1. यातायात सम्हलाई /TRAFFIC HANDLED** | | | |
| आयात<br>Import | (दशलक्ष टनों में)<br>(In Million Tonnes) | 49.03 | 51.79 |
| निर्यात<br>Export | | 18.23 | 16.84 |
| कुल यातायात<br>Total Traffic | | 67.26 | 68.63 |
| **2. जहाजों की संख्या (कार्गो + गैर कार्गो)**<br>**No. of ships (Cargo + Non-Cargo)** | | | |
| पोर्ट में प्रविष्ट जहाजों की संख्या<br>No. of ships entered the Port | | 7519 | 7874 |
| पोर्ट में प्रविष्ट जहाजों का कुल जी.आर.टी.<br>Aggregate G.R.T. of ships entered the Port | (दशलक्ष टनों में)<br>(in Million Tonnes) | 87.61 | 86.52 |
| रवाना किये गये जहाजों की कुल संख्या<br>Total no. of ships left | | 7446 | 7696 |
| पोर्ट से रवाना जहाजों का कुल जी.आर.टी.<br>Aggregate G.R.T. of ships left the Port | (दशलक्ष टनों में)<br>(in Million Tonnes) | 87.48 | 86.28 |
| **3. कंटेनर यातायात /CONTAINER TRAFFIC** | | | |
| सम्हलाई टीईयूज की संख्या<br>No. of TEUs handled | | 14634 | 552 |
| कार्गो की सम्हलाई<br>Cargo handled | (दशलक्ष टनों में)<br>(in Million Tones) | 0.16 | 0.006 |
| **4. रेल यातायात/ RAILWAY TRAFFIC** | | | |
| प्राप्त तथा रवाना किये वैगनों की संख्या<br>No. of Wagons received & dispatched | | 11822 | 3509 |
| भारतीय रेल द्वारा सम्हलाई किये गये पोतभार का यातायात<br>Cargo traffic handled through Indian Railways | (दशलक्ष टनों में)<br>(In Million Tonnes) | 0.7891 | 0.2321 |
| | | | |
| **5. निर्जल गोदियां/ DRY DOCKS** | | | |

- 29 वर्ष की अवधि के लिए मुंपप्रा के नर्जल गोदी को प्रचान की दि. 18.1.2019 से सर्वश्री कोचीन शिपयार्ड द्वारा स्वतंत्र रुप से सम्हलाई की जा रही है. 20.10.2018 को निष्पादित रियायत करार के तहत (धार संख्या 9.1.1) परियोजना दे उद्देश्य के लिए मात्र भवनिर्माण हेतु भुमि के उपयोग के लिए मार्यादित अधिकार प्रधान करने प्रधान करने हेतु सर्वश्री कोचिन शिपयार्ड से दिनांक 1.4.2024 से 31.3.2025 तक के लिए वार्षिक फीस के प्रति 19,79,89,649.00 रुपये राशि की उगाही की गयी थी.
- Operation of MbPA's Dry Docks is exclusively handled by M/s Cochin Shipyard Limited w.e.f. 18.1.2019 for a period of 29 years. An annual fee of Rs. 19,79,89,649.00 has been collected from M/s Cochin Shipyard Limited for the period from 01.04.2024 to 31.03.2025 for limited rights granted to use land, building solely for the purpose of project under the Concession Agreement executed on 20.10.2018 (Clause No.9.1.1)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **6. अनुरक्षण निकर्षण /MAINTENENCE DREGDING** | | | |
| निकर्षण किया गाय गाद (अन्य द्वारा)<br>Silt dredged (By Others) | (दशलक्ष टनों में)<br>(in million cubic meter) | 3.30 | 7.20 |

# विशिष्ट निष्पादन
# Performance Highlights

## ए - पोर्ट प्रचालन (जारी)
## A - PORT OPERATIONS (Contd.)

| DETAILS | | | | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माल प्रचालन के प्रश्चात पत्तन से बार गए जहाजों की संख्या (प्रवाह में सम्हलाई किये जहाजों सहित) **No. of ships which left the port after cargo operations (inclusive of vessels handled in stream)** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 1048 | 1055 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 391 | 390 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0 | 0 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 575 | 533 |
| | | | कुल Total | 2014 | 1978 |
| 2 | घाट में बिताया गया औसतन समय (दिन) **Average time spent at berth (days)** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 1.69 | 1.84 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 8.10 | 8.64 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0.00 | 0.00 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 3.22 | 3.61 |
| | | | कुल Overall | **2.33** | 2.53 |
| 3 | प्रति जहाज औसतन अवरोधन अवधि पत्तन खाता (घंटो में) **Average detention per ship Port accounts (hrs)** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 0.00 | 0.10 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 0.00 | 0.00 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0.00 | 0.00 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 0.00 | 0.04 |
| | | | कुल Overall | 0.00 | 0.08 |
| 4 | जहाजों का औसतन टर्नअराऊंड समय (पाइलड के जहाज आरोहण तथा प्रस्थान तक) (घंटो में) **Average turn-round time (Pilot boarding to de-boarding) (Hrs)** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 48.14 | 49.29 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 201.13 | 211.81 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0.00 | 0.00 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 83.65 | 91.32 |
| | | | कुल Overall | 62.97 | 65.75 |
| 5 | घाट उपलब्ध न होने के कारण जहाज घंटो के नुकसान की संख्या **No. of ships hours lost on account of non-availability of berth** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 0.00 | 0.10 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 0.00 | 0.00 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0.00 | 0.00 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 0.00 | 0.04 |
| | | | कुल Total | 0.00 | 0.08 |
| 6 | रुकाये हुए जहाजों की संख्या **No. of ships detained** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 4 | 191 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 0 | 4 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0 | 0 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 2 | 58 |
| | | | कुल Total | 6 | 253 |

# विशिष्ट निष्पादन
# Performance Highlights

ए - पोर्ट प्रचालन (समाप्त)

## A - PORT OPERATIONS (Concld.)

| DETAILS | | | | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | प्रति प्रभावित जहाज का औसतन अवरोधन (घंटो में)<br>**Average detention per affected ship (hrs)** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 0.38 | 49.28 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 0.00 | 29.08 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0.00 | 0.00 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 2.79 | 23.62 |
| | | | कुल Overall | 1.19 | 43.08 |
| 8 | प्रति जहाज पार्सल का औसतन आकार (टन)<br>**Average size of parcel per ship *(Tonnes)*** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 34743 | 34927 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 16642 | 17662 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0 | 0 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 11309 | 11014 |
| | | | कुल Overall | 25969 | 26483 |
| 9 | प्रतिदिन सम्हलाई किये माल की औसतन प्रमात्रा (माल चढाना और उतरना) (कुल टन)<br>**Average Quantum of Cargo handled per diem (overall *Tonnes*)** (Loading and unloading) | | | 162846 | 167390 |
| 10 | प्रति जाहज घाट दिन सम्हलाई किये माल की औसतन प्रमात्रा (टन)<br>**Average Quantum of Cargo handled per ship berth day *(Tonnes)*** | | | | |
| | (i) | द्रव माल | Liquid Bulk | 20521 | 18964 |
| | (ii) | सुखा माल | Dry Bulk | 2055 | 2045 |
| | (iii) | कन्टेनर्स | Containers | 0 | 0 |
| | (iv) | सामान्य पोतभार | General Cargo | 3512 | 3055 |
| | | | कुल Overall | 11152 | 10458 |
| 11 | सामान्य माल का प्रति टोली प्रति पाली औसतन निष्पादन (टन)<br>**Average gang shift output for General Cargo *(Tonnes)*** | | | 481.50 | 478.66 |
| 12 | घाट व्यस्त रहने का प्रतिशत (कार्गो तथा क्रुझ जहाज) (%)<br>Percentage berth occupancy (Cargo and Cruise Vessels) (%) | | | | |
| | (i) | इंदिरा गोदी | Indira Dock | 28.57 | 30.38 |
| | (ii) | जवाहर द्वीप | Jawahar Dweep | 37.57 | 41.70 |
| | (iii) | ओ.सी.टी. | O.C.T | 49.44 | 55.05 |
| | (iv) | पिर पाव (नया पिर पाव + नया पिर पाव 2+ नया पिर पाव 3)<br>Pir Pau (NPP +NPP2+NPP3) | | 78.77 | 71.52 |
| | | | कुल Overall | 35.53 | 38.54 |

टिप्पणी: वर्ष में जहाज के निष्पादन की गणना वर्ष में जहाज के सम्हलाई के लिए बर्थ पर बोताया समय और पोर्ट छोडने के समय पर की गई है. (स्ट्रीम जहाजों को छोडकर)

Note: Performance of the vessels have been calculated for the vessels handled at berths and left the port during the year. (excluding Stream Vessels)

* पाइपलाईनों के जरिये पास होनेवाले ओ.एन.जी.सी. क्रूड और तटपर स्थित पाईपलाईनो द्वारा परिवहन किये गये पीओएल उत्पाद तथा रेल्वे द्वारा लाये गये सिमेंट का समावेश नहीं है.

*ONGC crude passing through pipelines, POL products transferred through on shore pipelines and Cement brought by Railway is excluded.

# विशिष्ट निष्पादन
# Performance Highlights

## बी - पोर्ट की वित्तीय स्थिति / B - PORT FINANCE

| | | 2023-2024 | 2024-2025 |
|---|---|---|---|
| 1. प्रचालन आय<br>Operating Income | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 2284.34 | 2460.76 |
| 2. प्रचालन व्यय<br>Operating Expenditure | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 1035.53 | 1101.27 |
| 3. प्रचालन लाभ<br>Operating Profit | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 1248.82 | 1359.49 |
| 4. प्रचालन अनुपात<br>Operating Ratio | (प्रतिशत)<br>(Percentage) | 45.33 | 44.75 |
| 5. वित्तीय तथा फुटकर आय<br>Finance & Miscellaneous Income | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 273.18 | 370.07 |
| 6. वित्तीय तथा फुटकर व्यय<br>Finance & Miscellaneous Expenditure | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 1772.13 | 2761.29 |
| 7. कुल आय<br>Total Income | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 2557.52 | 2830.83 |
| 8. कुल व्यय (पेन्शन निधि/ग्रुप ग्रॅच्युटी निधि में अंशदान सहित)<br>Total Expenditure (Incl. of contribution to Pension Fund/Group Gratuity Fund) | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 2807.65 | 3862.56 |
| 9. शुध्द घाटा (-)/ अधिशेष<br>Net Deficit(-)/Surplus | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 145.30 | 1030.70 |
| 10. पूँजी व्यय<br>Capital Expenditure | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 364.64 | 1192.31 |
| 11. पूँजी आरक्षित<br>Capital Reserves | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 1689.18 | 1638.39 |
| 12. राजस्व आरक्षित<br>Revenue Reserves | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | -151.54 | -995.82 |
| 13. प्रतिस्थापन और विकास निधि<br>Replacement and Development Funds | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 895.32 | 1022.75 |
| 14. निवल मूल्य<br>Net Worth | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 2432.96 | 1665.32 |
| 15. नियोजित पूँजी (निवेश राशि छोडकर)<br>Capital Employed (Excluding Investments) | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 1134.21 | 694.98 |
| 16. नियोजित पूँजी (निवेश राशि छोडकर)<br>Return on Capital Employed (according to Major Ports Commission Formula) | (प्रतिशत)<br>(Percentage) | 22.38 | -121.40 |
| 17. कर्मचारियों की संख्या<br>Number of Employees | | 3139*<br>(9 कर्मचारी कोचीन शिपियार्ड में प्रतिनियुक्ति में है उनके सहित.)<br>(Includes 9 employees on deputation with Cochin Shipyard Ltd.) | 2697*<br>(9 कर्मचारी कोचीन शिपियार्ड में प्रतिनियुक्ति में है उनके सहित.)<br>(Includes 9 employees on deputation with Cochin Shipyard Ltd.) |
| 18. कुल मजदूरी बिल<br>Total Wage Bill | (रुपये करोड में)<br>(Rs. in crore) | 577.77 | 526.95 |

# विशिष्ट निष्पादन
# Performance Highlights

## बी - पोर्ट की वित्तीय स्थिति (समाप्त)/B - PORT FINANCE (Concld.)

| | | |
|---|---|---|
| **19.** पूंजी निवेश<br>**CAPITAL INVESTMENT** | | 2024-25 |
| पूंजी व्यय<br>(पूर्णतःआंतरिक संसाधनों से किया गया)<br>Capital Expenditure<br>(Fully met from Internal Resources) | रुपये करोड में<br>(Rs. in crore) | 1192.31 |
| बडे निर्माण कार्य<br>Major Works | | 1181.67 |
| छोटे निर्माण कार्य<br>Minor Works | | 10.64 |

ए. वर्ष 2024-25 में पोत परिवहन मंत्रालय (सागरमाला) से अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल के उन्नयन/ आधुनिकीकरण के लिए रुपये 6.96 करोड प्राप्त हुए है.

A. For upgradation / modernization of International Cruise Terminal Rs.6.96 Cr. received from the Ministry of Shipping (Sagarmala) during 2024-25.

बी. वर्ष 2024-25 में पोत परिवहन मंत्रालय (सागरमाला) से तीसरे रसायन घाट के विकास के लिए रुपये 7.08 करोड प्राप्त हुए है.

B. Rs. 7.08 Cr. received from Ministry of Shipping (Sagarmala) for Development of Third Chemical Berth in 2024-25.

सी. वर्ष 2024-25 में पोत परिवहन मंत्रालय (सागरमाला) से पर्यवेक्षी नियंत्रण और डाटा अधिग्रहन(स्काडा) परियोजना के विकास के लिए रुपये 5.82 करोड प्राप्त हुए हैं.

C. Rs. 5.82 Cr. received from Ministry of Shipping (Sagarmala) for Development of Supervisory Control and Data Acquisition (SCADA) project in 2024-25.

डी. वर्ष 2024-25 में प्रोजेक्ट फिशिंग हार्बर बंदर के लिए 23.67 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। (शिपिंग मंत्रालय (सागरमाला) से 24.15 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। मत्स्य मंत्रालय द्वारा उनसे प्राप्त 24.00 करोड़ रुपये के अनुदान में से 31.03.2025 को 0.08 करोड़ रुपये निकाले गए और वर्ष 2024-25 के दौरान 0.40 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया, हालाँकि इसका लेखा वर्ष 2025-26 में किया गया)

D. Rs.23.67 Crores received for the Project Fishing Harbour Bunder in 2024-25. (Rs.24.15 Crores received from Ministry of Shipping (Sagarmala). Rs. 0.08 Crores withdrawn by Ministry of Fisheries on 31.03.2025 from the Grant of Rs.24.00 Crores received from them and also Rs.0.40 Crores have been utilized during the year 2024-25, however the same was accounted in the year 2025-26).

| | | |
|---|---|---|
| **20. आंतरिक संसाधन**<br>**INTERNAL RESOURCE** | | |
| निवल संचित आंतरिक संसाधन Net accumulated internal resources<br>महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 88(2) के अनुसार यह राशि निवेश की गई.<br>(Amount is invested in accordance with the provision of the Section 88(2) of the MPT Act, 1963.) | (करोड रु. में)<br>(Rs. in crore) | 1096.84 |
| **21. राजस्व का प्रतिदाय/छूट**<br>**REFUND/ REMISSION OF REVENUE** | | |
| **अतिरिक्त घाट शुल्क प्राप्त हुआ और बोर्ड द्वारा वापस कर दिया गया.**<br>**Excess Wharfage received and refunded by the Board** | (करोड रु. में)<br>(Rs. in crore) | 0.25 |
| पोतभार से संबंधित प्रभारों के प्रति बोर्ड द्वारा छूट प्रदान की गई<br>Remission granted by the Board towards cargo related charges | (करोड रु. में)<br>(Rs. in crore) | 0.00 |

# सिंहावलोकन 2024-2025

---

## 1.1 प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

- जवाहर द्वीप और पीर पाऊ में कच्चे तेल (आयात) और पीओएल उत्पादों के प्रहस्तन में क्रमश: 4.37% और 9.38% की वृद्धि हुई।
- स्ट्रीम (एंकरेज) पर माल प्रहस्तन में 9.79% की वृद्धि हुई।

## 1.2 वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 के लिए दक्षता मानदंड

(क) पत्तन में प्रवेश करने वाले जहाजों की संख्या 7874 थी जो पिछले वर्ष 2023-24 में 7519 थी, इस प्रकार यह 4.72% की वृद्धि है।

(ख) पत्तन कारणो से अत्यल्प औसत घाटायन पूर्व अवरोध 0.08 घंटे का था।

(ग) जहाजों का औसत घुमाव समय (पायलट के जहाज पर चढ़ने से उतरने तक) पिछले वर्ष के 62.97 घंटे की तुलना में 65.75 घंटे था।

(घ) वर्ष के दौरान औसत जहाज-घाट दिवस उत्पादन पिछले वर्ष के 11152 टन की तुलना में 10458 टन है।

## 1.3 वर्ष 2024-25 के लिए मुंबई पत्तन के वित्तीय प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

- वर्ष 2024-25 के दौरान परिचालन आय 2,460.76 करोड़ रुपये रही, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 2,284.34 करोड़ रुपये थी, जो 7.72% की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2024-25 के दौरान परिचालन व्यय 1,101.27 करोड़ रुपये रहा, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 1,035.52 करोड़ रुपये था, जो 6.35% की वृद्धि दर्शाता है।

- परिचालन लाभ 1,359.49 करोड़ रुपये रहा, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 1,248.82 करोड़ रुपये था, जो 8.86% की वृद्धि दर्शाता है।

- कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) वर्ष 2024-25 में (-) 1,031.73 करोड़ रुपये रहा, जबकि यह वर्ष 2023-24 में (-) 250.13 करोड़ रुपये था। पेंशन फंड ट्रस्ट में 1,576.50 करोड़ रुपये का योगदान दिया गया।

## 1.4 टैरिफ समीक्षाः

### क. पत्तन प्रचालनो के लिए दरमान - :

मुंबई पत्तन का वर्तमान दरमान 03.10.2022 से 02.10.2025 तक प्रभावी है।

### 1. दरमान में संशोधन:

मुंबई पत्तन प्राधिकरण के बोर्ड ने वर्ष 2024-25 में वर्तमान दरमान में निम्नलिखित संशोधनों को मंजूरी दी है:

i) बोर्ड ने दिनांक 29.05.2024 के संकल्प संख्या 36 के तहत दरमान के अध्याय VIII – विविध शुल्क के अंतर्गत मौजूदा खंड 8.1 डी में संशोधन को मंजूरी दी है और उसे 16.08.2024 को अधिसूचित किया है (असाधारण संख्या 77)।

ii) बोर्ड ने दिनांक 20.08.2024 के संकल्प संख्या 100 के तहत एमबीपीए के वर्तमान दरमान के प्रावधान में (i) तालिका 3.3(ए) II और 3.3(ए) III के लिए नोट(v) और (ii) तालिका 3.3 (ए) (V)I और 3.3 (ए) (V)II के लिए नोट (ई) में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसे 26.09.2024 को अधिसूचित किया गया (असाधारण संख्या 96)।

iii) बोर्ड ने दिनांक 13.12.2024 के संकल्प संख्या 179 के माध्यम से एमबीपीए के दरमान के खंड 2.2(सी)(i) में "मानसून अवधि के दौरान लाइटरेज शुल्क" के संबंध में मौजूदा प्रावधान में संशोधन किया और उसे 14.02.2025 को अधिसूचित किया गया (असाधारण संख्या 28)।

### 2. दरमान का वार्षिक सूचकांकीकरण

भारतीय पत्तन संघ ने अपने दिनांक 25.03.2025 के पत्र क्रमांक आईपीए/एमएसडी/डब्ल्युपीआई/2025 के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए सूचकांकीकरण हेतु निम्नलिखित कारक सूचित किए हैं:

(i) थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में 60% परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दरमान का स्वप्रणीत वार्षिक सूचकांकीकरण घटक 1.04% है।

(ii) महापत्तन प्राधिकरणों द्वारा प्रतिबद्ध निष्पादन मानकों की प्राप्ति पर डब्ल्यूपीआई में 100% परिवर्तन की दर से दरमान में वार्षिक सूचकांकीकरण घटक 1.74% है।

मुंबई पत्तन ने प्रतिबद्ध निष्पादन मानकों को केवल कार्गो संबंधी सेवाओं के संबंध में प्राप्त किया है, न कि पोत संबंधी सेवाओं में। इसे ध्यान में रखते हुए, दरमान समिति और अध्यक्ष ने 1 मई 2025 से कार्गो संबंधी शुल्कों में 1.74% और पोत संबंधी शुल्कों में 1.04% की दर से सूचकांकीकरण को मंजूरी दी है।

**ख. जहाँ तक संपदा संबंधी शुल्कों का संबंध है, निम्नलिखित आदेश महाराष्ट्र राज्य राजपत्र में अधिसूचित किए गए हैं :**

25 अप्रैल 2023 को मुंबई पत्तन प्राधिकरण के बोर्ड ने 01.10.2020 से 30.09.2027 तक के लिए संशोधित दरमान को मंजूरी दी, जो 01 जून 2023 से प्रभावी होगा और प्रत्येक अक्तूबर में 2% वार्षिक वृद्धि होगी। (राजपत्र संख्या 43 दिनांक 26.04.2023)।

## 2. मानव संसाधन एवं कल्याण उपायः

**2.1 प्रशिक्षण:** एमबीपीए की कार्यनीतिक योजना में परिभाषित मानव संसाधन विकास नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, कौशल विकास, बहु-कौशल, कार्य संस्कृति में सुधार, गुणवत्ता प्रणाली के बारे में जागरूकता और गहन प्रशिक्षण प्रदान करने पर ज़ोर दिया गया। वर्ष 2024-25 के दौरान प्रशिक्षण कैलेंडर में कुल 45 विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए थे। पत्तन प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र (पीएमटीसी) ने पूरे वर्ष के दौरान आईएसओ के 441 कर्मचारियों के लक्ष्य के मुकाबले 54 बैचों में 702 पत्तन कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विभिन्न विषयों पर आंतरिक और बाहय संकायों द्वारा आयोजित किए गए, जिनमें सात विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्र शामिल थेः

(i) पत्तन यातायात और कार्गो प्रचालन प्रबंधन
(ii) पत्तन सुरक्षा, संरक्षा और अग्नि प्रबंधन
(iii) पत्तन प्रचालन और प्रबंधन में प्रौद्योगिकी/आईटी का समावेश
(iv) प्रशासनिक प्रबंधन
(v) वित्तीय प्रबंधन
(vi) व्यवहार विज्ञान और जीवन शैली प्रबंधन
(vii) खरीद और निविदा

उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार, 18.10.2022 से पीएमटीसी ने पत्तन उपयोगकर्ताओं के कर्मचारियों के साथ पत्तन कर्मचारियों को मिलाकर सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए है। वर्ष 2024-25 के दौरान, पीएमटीसी ने 04 बैचों में पत्तन उपयोगकर्ताओं के 168 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 06.06.2024, 03.09.2024, 03.12.2024 और 20.03.2025 को विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें 77 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गएः

(i) क्रूज़ टर्मिनल से जूड़ी विभिन्न एजेंसियों के लिए, व्यवसाय विकास प्रकोष्ठ (बीडीसी) तथा क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के समन्वय से दिनांक 28.06.2024, 19.07.2024 और 23.08.2024 को क्रूज़ पर्यटन हेतू संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
(ii) सीधी भर्ती और पदोन्नति द्वारा नवनियुक्त प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिए क्रमशः 06.01.2025 से 10.01.2025 तक और 20.01.2025 से 24.01.2025 तक पांच दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दो बैच आयोजित किए गए, जिनमें 45 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
(iii) आईआईएमएम और पीएमटीसी द्वारा मुम्बई पत्तन के अधिकारियों के लिए "सार्वजनिक खरीद" पर 29.07.2024 से 31.07.2024 तक और 24.03.2025 से 26.03.2025 तक 03 दिवसीय अभिविन्यास

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दो बैच आयोजित किए गए, जिसमें 42 अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों ने भाग लिया।

(iv) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईआईटी), औरंगाबाद द्वारा पीएमटीसी में दिनांक 08.08.2024, 09.08.2024, 17.10.2024, 18.10.2024, 04.02.2025, 05.02.2025 और 06.02.2025 को "जेन-एआई" पर 01 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के 07 बैच आयोजित किए गए, जिनमें 244 श्रेणी-I और श्रेणी-II, एमबीपीए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

(v) प्रत्येक माह के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाते है।

2.2 **राजभाषा कार्यान्वयन :**

प्रशासनिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, माननीय संसदीय समितियों के विभिन्न दौरों के दौरान प्रश्नावलियों के उत्तर, मुंबई पत्तन प्राधिकरण के अद्यतित पृष्ठ-भूमि नोट एवं धारा 3(3) के अधीन आने वाले सभी दस्तवेजों का अनुवाद प्रदान किया गया। इसके अलावा राजभाषा कार्यान्वयन के अनुपालन में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। दि. 14.09.2024 से 29.09.2024 तक हिंदी पख़वाड़ा मनाया गया, जिसमें कर्मचारियों में हिंदी कामकाज़ के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए 6 प्रतियोगिताएँ और एक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विजेताओं और सहभागियों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार वर्ष के दौरान 4 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय भाषणों, की-नोट संबोधनों, पावर पॉइंट प्रस्तुतियों, स्लाइडों, प्रेस-रिपोर्टों, बैनरों आदि एवं अन्य प्रचार सामग्री हेतु आवश्यक अनुवाद सहायता दी गई। राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ाने के उद्देश्य से गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केंद्रीय सरकारी कार्यालय), मुंबई विभिन्न गतिविधियाँ संचालित करती है। मुंबई पत्तन प्राधिकरण उसका सक्रिय सदस्य है। उसमें वार्षिक सहयोग राशि प्रदान करने, 2 छःमाही बैठकों में अनिवार्य उपस्थिति के अलावा प्राधिकरण ने समिति के विभिन्न आयोजनों, प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं पुरस्कार भी जीते। छःमाही बैठकों के परिचालित कार्यवृत्तों पर अनुपालनात्मक रिपोर्ट भी समय-समय पर समिति कार्यालय को पुनरीक्षा हेतु भेजी गई।

**2.3 कल्याण उपाय** : कर्मचारियों की विविध कल्याणकारी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए एक कर्मचारी कल्याण कोष की स्थापना की गई है। इस कोष का उपयोग कल्याण केंद्रों, खेल आयोजनों, रियायती कैंटीनो और उपभोक्ता भंडारों के संचालन, खेल और मनोरंजन गतिविधियों के लिए अनुदान, कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति और पुरस्कार जैसे खर्चों को पूरा करने के लिए किया जाता है। 2024-2025 के दौरान कल्याणकारी गतिविधियों पर 56.33 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

**(क) चिकित्सा सुविधाएँ** : मुंबई पत्तन प्राधिकरण अस्पताल में 241 बिस्तर हैं, लेकिन वर्तमान में 85 बिस्तर कार्यरत हैं, जिनमें 6 आईसीयू और 8 आपातकालीन बिस्तर शामिल है. अतिरिक्त 156 बिस्तरों का उपयोग आवश्यकतानुसार और अधिक रोगियों के लिए किया जा सकता है। यहाँ 03 परिधीय औषधालय हैं।

पत्तन प्राधिकरण अपने कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके जीवन-साथियो, पत्तन में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करता है। अस्पताल की गतिविधियाँ (i) बाहय रोगी सेवा (ii) उपचारात्मक सेवा (iii) नैदानिक सेवा (iv) अंतः रोगी सेवा, और (v) परिवार कल्याण केंद्र में विभाजित हैं, जो एल्कोहलिक्स एनोनिमस की बैठकें, नशा करने वालों का पुनर्वास और एआरटी केंद्र, वैवाहिक परामर्श आदि जैसे अभियान चलाता है।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण अस्पताल द्वितीयक देखभाल सेवाएँ प्रदान करता है। तृतीयक और अति-विशिष्ट देखभाल प्रदान करने के लिये, एमबीपीए अस्पताल ने सीजीएचएस दरों पर 59 अस्पतालों / निदान केंद्रों को सूचीबद्ध किया है।

- वर्ष 2024-25 में औसतन 422 मरीज प्रतिदिन की दर से कुल 1,26,474 मरीज ओपीडी में आए,
- 10466 मरीजों का आपात/आकस्मिक सुविधा में इलाज किया गया,
- 3448 मरीजों को भर्ती करके आंतरिक रोगी के रूप में इलाज किया गया।

स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्रदान करने के एक भाग के रूप में, वर्ष 2000 में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के तहत डिग्री पाठ्यक्रम - सामान्य चिकित्सा और सामान्य सर्जरी में डीएनबी शुरू किए गए थे और इसे जारी रखा गया है।

चिकित्सा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान 134.44 करोड़ रुपये व्यय किया गया।

**(ख) कल्याण केंद्रः**

वर्ष के दौरान, विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में स्थित 4 (चार) कल्याण केंद्रों पर कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कई कल्याणकारी गतिविधियाँ आयोजित की गई, अर्थात् (1) नाडकर्णी पार्क, वडाला (बड़ी मरम्मत के कारण उपयोग में नहीं)। (2) तेजस नगर, रेनॉल्ड्स कॉलोनी (बड़ी मरम्मत के कारण उपयोग में नहीं) (3) कॉटन ग्रीन कॉलोनी (4) सागरगीत कॉलोनी, वरली. इसके अलावा, वर्ष 2024-2025 के दौरान एमबीपीए कर्मचारियों के बच्चों के लिए बड़े पैमाने पर वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और लगभग 150 बच्चों ने एथलेटिक मीट में भाग लिया।

**(ग) कैंटीनः**

(क) कर्मचारियों और पत्तन उपयोगकर्ताओं के लिए विभागीय कैंटीनों की खानपान सेवाएँ 07.07.2025 से 5 वर्षों की अवधि के लिए मेसर्स वेंचर प्रोफेशनल हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड को आउटसोर्स कर दी गई हैं।

(ख) जवाहर द्वीप स्थित विभागीय कैंटीन में कर्मचारियों और पत्तन उपभोगकर्ताओं के लिए खानपान सेवाएं 31.01.2026 तक मेसर्स अन्नपूर्णा कैटरिंग सर्विसेज को आउटसोर्स कर दी गई हैं।

(ग) पत्तन अस्पताल परिसर में मजदूर सहकारी समिति कैंटीन और 9 विक्टोरिआ गोदी पर किनारा कामगार सहकारी समिति कैंटीन हैं ।

**(घ) उपभोक्ता समितियाः**

पत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों के बीच सहकारिता को प्रोत्साहित करने के लिए, सहकारी कैंटीनों और समितियों को नाममात्र किराए पर परिसर, फर्नीचर आदि उपलब्ध कराए जाते हैं और समितियों के कर्मचारियों के वेतन के एक हिस्से को पूरा करने के लिए उन्हें वार्षिक सब्सिडी भी दी जाती है। वर्तमान में, तीन उपभोक्ता सहकारी समितियाँ हैः (1) एमबीपीटी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी समिति लिमिटेड (माझगांव) (2) एमबीपीटी सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड (नाड़कर्णी पार्क पुरानी कॉलोनी) (3) मुंबई डॉक वर्कर्स को-ऑप क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड (नाड़कर्णी पार्क नई कॉलोनी) जो कॉलोनियों में रहने वाले पोर्ट अथॉरिटी के कर्मचारियों को उपभोग की वस्तुएँ और किराना सामान उपलब्ध कराती हैं।

**(च) कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन उत्पीड़न से सुरक्षाः**

(i) 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार, मुंबई पत्तन प्राधिकरण में श्रीमती पी. एम. दाभोलकर, वरिष्ठ उप मुख्य लेखा अधिकारी की अध्यक्षता में एक आंतरिक समिति का गठन किया गया है। आंतरिक समिति आवश्यकतानुसार बैठकें करती है।

(ii) कामकाजी महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त, सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने हेतु अधिनियम के प्रत्येक प्रावधान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए शी-बॉक्स पोर्टल पर आंतरिक समिति की पूर्ण ऑनबोर्डिंग की गई है। इसके लिए शिकायतकर्ताओं द्वारा पोर्टल के माध्यम से आंतरिक समिति में अपनी शिकायत दर्ज कराने को सक्षम बनाया गया है।

(iii) श्रीमती एन. एन. परब, उप मुख्य लेखा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिनांक 26.11.2024 के पत्र के अनुपालन में शी-बॉक्स पोर्टल पर विवरण प्रदर्शित कर दिया गया है।

(iv) वित्तीय वर्ष 2024-25 में समिति को कोई नई शिकायत प्राप्त नहीं हुई और (एक व्यक्ति के विरुद्ध) पुरानी 3 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है।

(v) वर्ष 2024-25 के दौरान आयोजित कार्यशालाओं और जागरुकता कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार हैः

(क) जागरुकता सप्ताह 08.01.2025 से 14.01.2025 तक आयोजित किया गया।

(ख) अधिनियम के बारे में जागरूकता हेतु सभी विभागों के सूचना पट्टों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पैम्फलेट्स/पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

(ग) 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम' विषय पर अंग्रेजी, मराठी और हिंदी में पोस्टर, नारा लेखन, निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

(घ) आंतरिक समिति की बाहरी सदस्य, श्रीमती उर्मिला सालुंखे द्वारा शैक्षिक सत्र के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 100 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

(च) अंतराष्ट्रिय महिला दिवस 2025 का समारोह 13.03.2025 को यशवंतराव चव्हाण सभागार, मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक महिला कर्मचारियोंने भाग लिया।

(छ) महिला कर्मचारियों में टीम वर्क, आत्म-अनुशासन और मनोबल बढ़ाने के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

## 2.4 खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

जहाँ तक खेलों का प्रश्न है, मुंबई पत्तन प्राधिकरण के लिए 2024-25 का वर्ष संतोषजनक रहा। वर्ष के दौरान देश के विभिन्न महापत्तनो में आयोजित अखिल भारतीय महापत्तन प्रतिस्पर्धाओ में, मुंबई पत्तन की टीमें बॉडी बिल्डिंग और हॉकी में विजेता रहीं, जबकि मुंबई पत्तन ने बीच वॉलीबॉल, कैरम, शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल टूर्नामेंटों में टीम चैंपियनशिप में उपविजेता स्थान प्राप्त किया। पत्तन ने फुटबॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुंबई पत्तन प्राधिकरण ने वर्ष 2024-25 में प्रतिष्ठित मुंबई हॉकी एसोसोएशन स्टेडियम, चर्चगेट में अखिल भारतीय महापत्तन हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी की, जिसमें मेजबान मुंबई पत्तन ने एक रोमांचक फाइनल में कोलकाता पत्तन को हराकर विजेता का खिताब जीता। इसके अलावा, मुंबई पत्तन ने अखिल भारतीय महापत्तन प्रतिस्पर्धाओ में कई व्यक्तिगत पदक भी जीते, जिनमें से मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने न्यू मंगलोर पोर्ट में आयोजित महा पत्तन लॉन टेनिस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा, कई राज्य स्तरीय और स्थानीय टूर्नामेंटों में व्यक्तिगत पदक हासिल किए, जिनमें से कुछ खिलाडियों ने आगे चलकर राज्य का प्रतिनिधित्व भी किया ।

## 3. सुरक्षा और नागरिक सुरक्षाः

### 3.1 सुरक्षा प्रबंधन प्रकोष्ठः

पत्तन में 04.03.2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया और गोदी सुरक्षा सप्ताह, 2025, 17.03.2025 से 21.03.2025 तक मनाया गया। इस सुरक्षा सप्ताह के दौरान, विभिन्न स्थानों पर विभिन्न सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्निशमन प्रदर्शन और मॉक ड्रिल आयोजित किए गए। सुरक्षा प्रबंधन प्रकोष्ठ ने पत्तन प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में कुल 10 सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 50 पत्तन कर्मचारियों और 221 पत्तन उपयोगकर्ता कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त, पत्तन परिसर के अंदर विभिन्न कार्यस्थलों पर 127 कार्यस्थल सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनसे 848 कर्मचारी लाभान्वित हुए। कर्मचारियों और आगंतुकों में जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष सड़क सुरक्षा अभियान भी चलाए गए।

सुरक्षा जागरुकता बढ़ाने के लिए एक सुरक्षा प्रेरण फिल्म तैयार की गई और एक साझा लिंक के माध्यम से सभी पत्तन उपयोगकर्ताओं को प्रसारित की गई। पूरे वर्ष के दौरान, जहाज के होल्ड से घायल व्यक्ति को स्थानातरित करने, पीरपाऊ में एक पाइपलाइन से रासायनिक रिसाव, लिफ्ट से फंसे व्यक्ति को निकालने आदि जैसे परिदृश्यों पर विभिन्न मॉक ड्रिल आयोजित किए गए। इन पहलों ने न केवल कार्यबल की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं का परीक्षण किया, बल्कि आपातकालीन प्रक्रियाओं में सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद की, जिससे पत्तन में समग्र सुरक्षा संस्कृति को मजबूती मिली।

### 3.2 नागरी सुरक्षाः

पुरुषों और महिलाओं के नागरी सुरक्षा दस्तों ने वर्ष 2024-2025 के दौरान मुंबई पत्तन प्राधिकरण द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड, अग्निशमन सेवा स्मारक परेड और गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। स्वयंसेवकों के लिए प्राथमिक चिकित्सा पाठ्यक्रम, अग्निशमन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और बचाव अभियान प्रदर्शन आयोजित किए गए।

## 4. पर्यावरण संरक्षणः

4.1 मुंबई पत्तन का अपना समर्पित पर्यावरण प्रबंधन प्रकोष्ठ है जो (i) समुद्री जल में प्रदूषण (ii) पत्तन जल की गुणवत्ता, परिवेशी वायु गुणवत्ता और ध्वनि प्रदूषण की निगरानी करता है। पर्यावरण संरक्षण नियम, 1986 के अनुसार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तृतीय पक्ष प्रयोगशालाओं के माध्यम से हर महीने जल और वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाती है। (iii) महाराष्ट्र प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनुमोदित पुनर्चक्रण फर्मों के माध्यम से जहाजों से निकलने वाले कचरे और खतरनाक अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए ग्राही सुविधाएँ प्रदान करना। (iv) समुद्री जल से तैरते कचरे का संग्रहण। ठेकेदार को जल जनित प्रदुषण की सफाई के लिए नियुक्त किया गया है, जिसमें तैरते हुए कचरे, कुडें और अन्य जल जनित प्रदूषण आदि को हटाना / साफ करना शामिल है।

4.2 मुंबई पत्तन प्राधिकरण, MARPOL कन्वेशन का अनुपालन करता है और मुंबई पत्तन में आने वाले जहाजों को तटीय ग्राही सुविधा प्रदान करता है। साथ ही, 'प्रचालन सहमति' के नियमों और शर्तों के अनुसार, मुंबई पत्तन प्राधिकरण 'वायु अधिनियम-81, जल अधिनियम-74 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-86' का अनुपालन करता है। मुंबई पत्तन प्राधिकरण के पास पर्यावरण प्रबंधन और निगरानी योजना मौजूद है और मुंबई पत्तन को हरित पत्तन बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

4.3 मुंबई पत्तन प्राधिकरण ने राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिकता योजना (NOSDCP) के अनुपालन में, मुंबई पत्तन और जेएनपीए पत्तन के भीतर टियर। तेल रिसाव प्रतिक्रिया (OSR) सुविधाएँ स्थापित की हैं और उनका रख-रखाव कर रहा है । यह आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधाएँ मुंबई/जेएनपीए पत्तन के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में तेल रिसाव से निपटने के लिए, इन बंदरगाहों में कार्यरत भागीदार तेल कंपनियों (POCs) के सहयोग से स्थापित की गई हैं ।

4.4 मुंबई पत्तन प्राधिकरण ने निर्धारित पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों और पर्यावरणीय अनुपालनों के कार्यान्वयन हेतु मुंबई पोर्ट सस्टेनेबिलिटी फाउंटेशन के अंतर्गत ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन) और सर्कुलरिटी पर एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है।

4.5 सेंट्रल किचन की छत पर विकसित एक बगीचा, जैविक कचरे को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से पुनर्चक्रित करने का एक आदर्श उदाहरण है। इस बगीचे ने राष्ट्रीय वृक्ष मित्र परिषद द्वारा आयोजित उद्यान प्रतियोगिताओं सहित कई पुरस्कार जीते हैं।

## 5. सतर्कता उपायः

सतर्कता विभाग लगातार सक्रिय रहा। प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और भ्रष्टाचार की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से औचक निरिक्षण, प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के बाद प्रणाली में सुधार जैसे उपाय किए गए। भ्रष्टाचार की सम्भावना वाले क्षेत्रों का नियमित आधार पर निरिक्षण किया गया । इसके अलावा प्रमुख अनुबंधों और खरीद का निरीक्षण किया गया। वर्ष के दौरान 52 शिकायतों का निपटारा किया गया। इनमें से 40 शिकायतों का जाँच और आवश्यक कार्रवाई के बाद निपटारा कर दिया गया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान सतर्कता विभाग द्वारा 61 निरीक्षण किए गए और 20 प्रणालीगत सुधारों का सुझाव दिया गया। सतर्कता विभाग द्वारा की गई विभिन्न निवारक कार्रवाइयों और निरीक्षणों के परिणामस्वरुप 2,93,96,846/- रुपये (केवल दो करोड़ तिरानवे लाख छियानवे हजार आठ सौ छियालीस रुपये) की बचत हुई। सतर्कता विभाग ने पारदर्शिता के लिए पत्तन कार्यों में प्रौद्योगिकी का प्रयोग सुनिश्चित करने के अपने प्रयास जारी रखे।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण मे 28.10.2024 से 3.11.2024 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाया गया। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान, कर्मचहारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए सतर्कता विषय पर भाषण, निबंध, कविता पाठ, जिंगल और रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ (मराठी, हिंदी और अंग्रेजी में) आयोजित की गई। इसके अलावा, मुंबई के स्कूलों और कॉलेजों में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

प्रो. पद्मनाव आचार्य, पीएचडी (आईआई टी , खरगपुर) संचालन और आपुर्ति श्रृंखला प्रबंधन, भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई द्वारा वरिष्ठ / मध्य प्रबंधन अधिकारियों के लिए "राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन गोदी क्षेत्र और गेटवे ऑफ इंडिया सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया और मुम्बई पत्तन के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता विषय पर एक ऑडियो विजुअल क्लिप तैयार की गई और पत्तन कर्मचारियों, पत्तन उपयोगकर्ताओं / हितधारकों, विक्रेताओं, नागरिकों और ठेकेदारों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान इसे चलाया गया।

वर्ष 2024 के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षण सत्र / कार्यशालाएँ आयोजित की गईं -

- नैतिकता एवं शासन
- सार्वजनिक खरीद
- आचरण नियम
- साइबर स्वच्छता एवं सुरक्षा
- कार्गो एवं पोत संबंधी शुल्कों के लिए दरमान
- संपदा दरमान
- सरकारी संगठन में कार्य करते समय नैतिक दुविधा

पिछले कुछ वर्षों में, विभिन्न निरिक्षणों और जाँचो के माध्यम से, सतर्कता विभाग को सार्वजनिक खरीद के दौरान विभागों द्वारा की जाने वाली कुछ सामान्य गलतियों का पता चला है। इसलिए, सतर्कता विभाग ने विभिन्न विभागों के संदर्भ के लिए 'सार्वजनिक खरीद - प्रभावी कार्यान्वयन हेतु एक व्यावहारकि मार्गदर्शिका' पर एक पुस्तिका जारी की है। यह पुस्तिका सार्वजनिक खरीद में आने वाली चुनौतियों, खरीद अधिकारी की भूमिका, खरीद के चरण, योजना, बोली और बोली मूल्यांकन चरण, मसौदा तैयार करने, हस्ताक्षर करने सहित अनुबंध प्रबंधन, कार्यान्वयन और विवाद समाधान तथा खरीद की निगरानी एवं मूल्यांकन पर केंद्रित है।

## 6. वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण कार्यक्रम

### (i) राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस

14 अप्रैल 2024 को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस उन बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया गया, जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉक्स के 01 विक्टोरिया डॉक्स पर खड़े जहाज फोर्ट स्टिकिन पर,आपदा से निपटने के दौरान अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी । विक्टोरिया डॉक स्थित अग्निशमन सेवा स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास हेतु अग्निशमन जागरूकता (अग्नि) विषय पर आधारित अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया । सभी पत्तन कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया ।

### (ii) विश्व पर्यावरण दिवस

मुंबई पत्तन ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए रे रोड पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया ।

### (iii) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मुंबई पत्तन प्राधिकरण ने 21 जून 2024 को वस्त्र मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय और पतंजलि योग समिति के सहयोग से ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस समारोह में महाराष्ट्र सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस, वस्त्र आयुक्त श्रीमती रूप राशि और भारत स्वाभिमान संगठन के राज्यप्रभारी श्री सुरेश यादव तथा मुंबई पत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया ।

### (iv) स्वच्छता पखवाड़ा

प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के आहवान के अनुरूप, मुंबई पत्तन ने स्वच्छता को अपनी संस्कृति में शामिल कर लिया है । 16 सितंबर से 31 सितंबर तक मुंबई पत्तन पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सभी विभागों /प्रभागों के अमूल्य योगदान के साथ विशेष अभियान चलाए गए।

